भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †1253

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

केआईएस के तहत राजस्थान का लंबित प्रस्ताव

†1253. श्रीमती संजना जाटव :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राजस्थान के लंबित प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ-साथ आठ नए जिलों में खेलो इंडिया केंद्र (केआईएस) और राजस्थान में एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्थापित करने का विचार

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन प्रस्तावों को मंजूरी देने की समय-सीमा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : राजस्थान के प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया स्कीम के तहत कम से कम एक खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) की स्थापना की गई है, इस प्रकार स्कीम के एक केंद्र प्रति जिला प्रावधान के अनुसार सभी जिलों को कवर किया गया है। इसका विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in पर उपलब्ध है। जहां तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) तथा अन्य प्रस्तावों का संबंध है, राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकार तथा अन्य पात्र निकायों से वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धनराशि की उपलब्धता के अध्यधीन विचार किया जाता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****